
खेल महाकुंभ : वॉलीबॉल और कबड्डी के रोमांचक मुकाबले, आठ टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं

दूसरे दिन बालक, बालिका एवं दिव्यांग खिलाड़ियों के बीच एथलेटिक्स सहित कई प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

बिक्रम (आससे)। ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छू लो आसमान फाउंडेशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय खेल महाकुंभ 2026 का सोमवार को पार्वती हाई स्कूल, बिक्रम के खेल मैदान में भव्य शुभारंभ हुआ. उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था. कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पालीगंज डीएसपी-2 पंकज शर्मा, बिक्रम थानाध्यक्ष सोनू कुमार एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से किया. अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया. इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास का सशक्त माध्यम है. ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

खेल महाकुंभ के पहले दिन वॉलीबॉल और कबड्डी के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए. नॉकआउट और क्वार्टर फाइनल मैचों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया. वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नौबतपुर, कोपा, बेरर और विशनपुरा की टीमों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई. वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में पंगा बॉयज, बिहटा, अंधेरी मठिया और कोपा किंग्स की टीमों ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया. मुकाबलों के दौरान



खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली. मैदान में मौजूद दर्शकों ने तालियों और उत्साहवर्धन के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

फाउंडेशन के संयोजक ज्योत प्रकाश ने बताया कि खेल महाकुंभ का समापन मंगलवार, 10 नवंबर को होगा. दूसरे दिन बालक, बालिका एवं दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा. इसमें 100 मीटर एवं अन्य दौड़ प्रतियोगिताओं के साथ लंबी कूद, ऊंची कूद और गोला फेंक प्रमुख रूप से शामिल हैं. इसके अलावा कबड्डी, वॉलीबॉल और रस्साकसी के रोमांचक मुकाबले भी आयोजित होंगे।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना और उन्हें खेल के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करना है. आयोजन को सफल बनाने में कान्हा जी, प्रकाश, अतुल गांधी, रवि कुमार, अंकित सहित फाउंडेशन के अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कबाड़ी और टेंट गोदाम में लगी आग से 15 लाख की क्षति

मनेर। दीपावली की रात मनेर में कबाड़ी और टेंट गोदाम में आग लगने से 15 लाख का सामान जलकर राख हो गया।

पहली घटना आजाद नगर स्थित पीके सिंह के कबाड़ी कि दुकान की है। दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि कबाड़ी दुकान के पास एक छत पर दीपावली का दीप जलाया जा रहा था। इसी दौरान दिया छत से कबाड़ी की दुकान में गिर गया और आग लग गई। वार्ड पार्षद रंजीत कुमार ने बताया कि करीब 10 लाख का सामान जलकर राख हो गया।

वहीं दूसरी घटना नासिरगंज के निवासी कृष्णा चौधरी के टेंट गोदाम की है। टेंट गोदाम में आग लगने से यहां रखी कुर्सी, पंडाल, टेबल समेत करीब 5 लाख की सामग्री जल गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आशंका जताई जा रही है कि आसपास पटाखे फोड़ने के दौरान निकली एक चिंगारी गोदाम तक पहुंच गई, जिससे आग लग गई।

हथियार की तस्करी करते महिला समेत दो गिरफ्तार

मसौढ़ी (आससे)। दीपावली एवं छठ पर्व में हुड़दंग करने के मंशा से हथियार की तस्करी कर रहे हैं एक महिला हथियार तस्कर समेत दो लोग गिरफ्तार किए गए हैं जिनके पास से हथियार एवं कारतूस बरामद की गई है दिवाली के दिन मसौढी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मसौढ़ी थानांतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हथियार की खरीद-बिक्री के दौरान छापेमारी कर 01 देसी पिस्टल, 04 मैगजीन और 12 जिन्दा कारतूस के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक महिला भी शामिल है।

पुलिस के अनुसार, मसौढ़ी थानाध्यक्ष को गश्ती के क्रम में समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम तारेगना शांतिनगर स्थित संगीता देवी पति स्व0 मुकेश सिंह के घर पर अपराधकर्मी अखिलेश कुमार उर्फ रुखा पिता सियाशरण यादव साकिन मणीचक थाना मसौढ़ी जिला पटना आकर हथियार की खरीद-बिक्री कर रहा है। सूचना के आलोक में तारेगना शांतिनगर स्थित संगीता देवी के घर की विधिवत् घेराबंदी कर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में घर में रखे बक्से से 01 देसी पिस्टल, 04 मैगजीन एवं 12 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। मौके से अखिलेश कुमार उर्फ रुखा और संगीता देवी को विधिवत् गिरफ्तार किया गया।

इस संदर्भ में मसौढ़ी थाना कांड सं0-1094/26, दिनांक-07.11.26, धारा-25(1-क)डु/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अखिलेश कुमार उर्फ रुखा, पिता- सियाशरण यादव, साकिन- मणीचक,संगीता देवी, पति- स्व0 मुकेश सिंह, साकिन- तारेगना शांतिनगर, है। बरामद हथियार में-01 देसी पिस्टल- 04 मैगजीन- 12 जिन्दा कारतूस है वहीं अभियुक्त अखिलेश उर्फ गौतम उर्फ रुखा का आपराधिक इतिहास रहा है जिसमें पुलिस के अनुसार अभियुक्त पर मसौढ़ी और तारेगना रेल थाना में कुल 11 कांड दर्ज हैं, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, रंगदारी, डकैती और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर मामले शामिल हैं।

दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

फतुहा आससे। थाना क्षेत्र के रायपुरा मोड़ के पास रविवार की देर शाम दो बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल फतुहा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। घायलों की पहचान जफराबाद निवासी जीतीश कुमार, मनोज प्रसाद और अजीत कुमार के रूप में हुई है।वहीं, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

टेंपो से 190 लीटर देसी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

फतुहा आससे। नदी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सिक्स लाइन के पास से करीब 190 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने शराब तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे एक टेंपो के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में नदी थानाध्यक्ष सदाम हुसैन ने बताया कि शराब दियारा क्षेत्र से टेंपो पर लादकर लाई जा रही थी। इसी दौरान नदी थाना पुलिस ने सिक्स लाइन के पास छापेमारी कर टेंपो की तलाशी ली, जिसमें करीब 190 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से वैशाली जिले के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के करमपुर गांव निवासी स्व. सुरेंद्र दास के पुत्र सुरेंद्र दास को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने शराब ढोने में इस्तेमाल किए जा रहे टेंपो (रजिस्ट्रेशन नंबर बत्त01क्क8349) को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

नदी में नहाने गया किशोर तेज धार में डूबा, तलाश जारी

मनेर। थाना क्षेत्र स्थित लोदीपुर गंगा घाट पर रविवार को दोस्तों के साथ नहाने गए 15 वर्षीय किशोर गंगा नदी के तेज धार में डूबकर लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

ग्रामीणों ने घटना की सूचना प्रशासन को दी। जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने नदी में किशोर को खोजने का अभियान चलाया। टीम ने सोमवार को भी देर शाम तक गंगा नदी में सर्च अभियान चलाया, लेकिन लापता किशोर का पता नहीं चल सका। गंगा नदी में लापता किशोर ब्यापुर भूधर टोला गांव निवासी निरोध राय का 15 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार बताया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के दिन गांव में राजीव अपने दोस्तों के साथ मिलकर लक्ष्मी माता की प्रतिमा बैठाया था। पूजा करने से पहले दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने चला गया। गंगा नदी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया।

श्रीकृष्ण के विचारों में छिपा है सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास का मार्ग : डॉ मीसा भारती

बिहटा (आससे)। श्रीकृष्ण सेवा न्याय परिषद के तत्वावधान में श्री गोवर्धन पूजा महोत्सव-सह-सम्मान समारोह का भव्य उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता रंजय कुमार ने की तथा संचालन वकील यादव ने की। कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन, गोवर्धन पूजा के महत्व तथा वर्तमान सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक परिस्थितियों में श्रीकृष्ण के विचारों की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ मीसा भारती ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, आर्थिक विकास, राजनीतिक कुशलता और सांस्कृतिक चेतना का भी महत्वपूर्ण आधार है। श्रीकृष्ण ने अपने जीवन और उपदेशों के माध्यम से समाज को कर्म, कर्तव्य, समानता, सहयोग और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

गोवर्धन पूजा प्रकृति, पर्यावरण, पशुधन और कृषि संस्कृति के संरक्षण का संदेश देती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा के माध्यम से



प्रकृति के महत्व और उसके संरक्षण का संदेश दिया था। आज के दौर में पर्यावरण संरक्षण, किसानों की समृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए यह संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है।

पूर्णिया के सांसद राकेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि यादव समाज देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है। समाज की एकजुटता, शिक्षा, तकनीकी विकास और राजनीतिक भागीदारी से ही समाज को नई दिशा दी जा सकती है। गरीबी से बाहर आने तथा आजीविका के साधनों को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

अति विशिष्ट अतिथि भाई वीरेन्द्र ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में संगठित समाज, तकनीकी विकास, संवैधानिक मूल्यों तथा विज्ञान और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकास करना देश के लिए एक मजबूत आधार साबित हो सकता है। अध्यक्षीय संबोधन में रंजय कुमार ने कहा कि सामाजिक एकता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और समाज के सर्वांगीण विकास का संकल्प लेने की जरूरत है।


उपस्थित लोगों में प्रखण्ड प्रमुख मालती देवी नप अध्यक्ष प्रियंका देवी, पूर्व विधायक सूर्यदेव त्यागी चंद्रमा यादव अशोक यादव , जिप उपाध्यक्ष आशादेवी, प्रशांत निराला, साहित्यकार श्रीकांत व्यास, राजू यादव, दशरथ यादव, मुकेश यादव, रणजीत यादव, अजीत यादव, मुन्ना यादव, योगेन्द्र यादव, वरुण कुमार, राजकुमार यादव इत्यादि शामिल थे।

एसडीएम-डीएसपी ने छठ घाट का किया निरीक्षण

मसौढ़ी (आससे)। लोक आस्था का महापर्व के छठ को लेकर सोमवार को एसडीएम धनराज कुमार एवं डीएसपी आशीष राज के संयुक्त नेतृत्व में पुनपुन के राजघाट नवादा स्थित



छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, मुखिया रवि कुमार भी साथ रहे। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और पूजा समिति के लोगों ने एसडीएम के सामने घाट की समस्याओं को रखा। ग्रामीणों ने बताया कि राजघाट नवादा छठ घाट करीब आधा किलोमीटर लंबा है। यहां हर साल बड़ी संख्या में छठ व्रती अर्घ्य देने पहुंचते हैं, लेकिन घाट पर अब तक बैरिकेडिंग और अन्य मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। नदी का पानी गहरा है, इसलिए सुरक्षा को लेकर व्रती और ग्रामीण चिंतित हैं। ग्रामीणों ने घाट तक जाने वाले कच्चे रास्ते को समतल करने, साफ-सफाई, चलंत शौचालय और पानी टैंकर की व्यवस्था की भी मांग की। ग्रामीणों की मांग और नाराजगी को सुनने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने पूरे घाट का जायजा लिया। उन्होंने



पूजा समिति और ग्रामीणों से घाट की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। एसडीएम धनराज कुमार ने कहा कि छठ महापर्व में व्रतियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी छठ व्रतियों को सुरक्षा सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। घाट पर बैरिकेडिंग, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। एसडीएम के आश्वासन के बाद ग्रामीणों में संतोष दिखा। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इस बार छठ घाट पर समय पर सारी व्यवस्थाएं पूरी हो जाएंगी।

एससी-एसटी मामले में एक गिरफ्तार

मसौढ़ी (आससे)। भगवानगंज थाना पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट और हत्या के प्रयास के मामले में दो महीने से फरार चल रहे एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस के अनुसार, भगवानगंज थाना क्षेत्र के चिथौल गांव में दो पक्षों के बीच किसी लड़की के विवाद को लेकर जमकर हिंसक घटना घटी थी। इस घटना को लेकर भगवानगंज थाना कांड संख्या 172/26 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई थी और दोनों पक्षों की ओर से गिरफ्तारी भी हुई थी। इसी मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त प्रिंस कुमार, पिता पिंटू कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त पिछले दो महीने से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

लापता तीनों छात्राएं हरिद्वार से बरामद

मसौढ़ी (आससे)। धनरूआ थाना क्षेत्र के एक ही गांव से लापता हुई आठवीं कक्षा की तीनों छात्राओं को पुलिस ने हरिद्वार से सकुशल बरामद कर लिया है। तीनों बरनी उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छात्रा हैं। शुक्रवार को घर से विद्यालय जाने की बात कहकर निकली तीनों छात्राएं निर्धारित समय पर वापस नहीं लौटी थीं, जिसके बाद परिजनों ने धनरूआ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस ने एक छात्रा के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने संबंधित स्थान की स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद तीनों छात्राओं को हरिद्वार से बरामद किया गया। थानाध्यक्ष के अनुसार, पूछताछ में तीनों छात्राओं ने बताया कि वे घूमने के लिए गई थीं। पुलिस ने तीनों को सकुशल परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि तीनों छात्राएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। पुलिस इस मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। वहीं, छात्राओं के बरामद होने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है।

महिला की जितिया छीनकर उचक्के फरार

मसौढ़ी (आससे)। धनरुआ थाना क्षेत्र के बौरही गांव की रहने वाली एक महिला के साथ छिनतई की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घटना उस वक्त घटी जब वह पटना जाने के लिए ट्रेन पकड़ने निकली थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बौरही गांव निवासी विरत देवी पति स्वर्गीय शिव नारायण सिंह, उम्र-59 वर्ष पटना जाने के लिए घर से निकली थीं। ट्रेन में बैठे जब ट्रेन जब वह मसौढ़ी कोर्ट हॉल्ट के समीप पहुंचीं, तभी अज्ञात उचक्कों ने उनके गले से सोने की 3जितीया गहना झपट ली और मौके से फरार हो गए।

आदित्य विजन समेत तीन जगहों पर दीपावली की रात लगी आग, लाखों का नुकसान

मसौढ़ी (आससे)। दीपावली की रात अनुमंडल मुख्यालय के आदित्य विजन शोरूम केलव दो अन्य जगहों पर भी आग लगने की घटना घटी मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंचकर आग पर काबू पाया बावजूद इसके लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जाहिर की गई है।

दिवाली की देर शाम मसौढ़ी में दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। पहली घटना मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कर्पूरी चौक स्थित आदित्य विजन शोरूम की ऊपरी बिल्डिंग में हुई, जबकि दूसरी घटना चूड़ी मार्केट के पीछे हुई। दोनों ही जगहों पर समय रहते फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दरअसल दिवाली की रात कर्पूरी चौक पर काफी चहल-पहल थी। लोग पटाखे जला रहे थे। इसी बीच अचानक आदित्य विजन शोरूम के ऊपर वाली बिल्डिंग से धुआं उठता दिखा। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। आसपास के दुकानदारों और राहगीरों ने हल्ला मचाया, जिसके बाद लोग मौके पर जमा हो गए। आग लगने की वजह को लेकर स्थानीय लोगों में अलग-अलग चर्चाएं हैं। कुछ लोगों का कहना है कि पटाखे की चिंगारी या आसमान तारा से गिरे अंगारे से आग लगी होगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम कर्पूरी चौक पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने बिना देर किए आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि आग नीचे शोरूम तक नहीं पहुंची, वरना लाखों के इलेक्ट्रॉनिक सामान के जलने से बड़ा नुकसान हो सकता था। बिल्डिंग में उस समय कोई मौजूद नहीं था, इसलिए किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन आग से बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से को नुकसान पहुंचा है।

इसी दौरान चूड़ी मार्केट के पीछे भी आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी वहां भी पहुंची और आग पर काबू पाया गया। इसको लेकर अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि चूड़ी मार्केट के पीछे कूड़े के ढेर में आग लगी थी, जिसे बुझा दिया गया है। वहीं आदित्य विजन शोरूम की ऊपरी बिल्डिंग में कूट और कचरे में आग लगी थी। दोनों ही जगहों पर समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। आग बुझने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों का कहना है कि अगर फायर ब्रिगेड थोड़ी देर से पहुंचती, तो आग आसपास की दुकानों तक फैल सकती थी। कर्पूरी चौक मसौढ़ी का सबसे व्यस्त इलाका है। दिवाली की रात वहां भारी भीड़ थी। समय पर आग बुझ जाने से बड़ा हादसा टल गया। इधर अनुमंडल मुख्यालय के रेलवे गुमटी से पूर्व जहानाबाद रोड स्थित संतोष मोटरसाइकिल दुकान में आग लग गई आसपास के लोगों के सूझबूझ से शटर का ताला तोड़कर आग को बुझा दिया गया । दुकानदार दुकान की सफाई करने के बाद दुकान के अंदर में एक जलता हुआ दिया छोड़कर दुकान बंद करके घर चले गए थे। बताई जा रही है कि इस दिया की आग से यह हादसा हुआ है।

आरके सिन्हा के निधन पर हुई शोकसभा

बख्तियारपुर (आससे)। संभावना साहित्यिक संस्था के निदेशक एवं ग्रामीण चिकित्सा संघ के उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में भाजपा के संस्थापक, पूर्व राज्य सभा सदस्य एवं सिक्यूरिटी सर्विस कम्पनी के संस्थापक आरके सिन्हा के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में अरविंद अभिनव, दिनेश अवस्थी, मनीष झा, बबलू कुमार सिंह, रालोमो के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार ने रवीन्द्र कुमार सिन्हा के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए तथा कहा आरके सिन्हा भाजपा के कुशल संगठन कर्ती के पास व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। वे सभी के सुख दुख में शामिल होते रहे थे। विशेषकर युवा वर्ग को अर्से काफी अपेक्ष थीं।

मसौढ़ी में 60 करोड़ की लागत से बन रहा ओवरब्रिज लोगों के लिए जी का जंजाल

मसौढ़ी (आससे)। अनुमंडल मुख्यालय के रेलवे क्रॉसिंग के समीप बन रहा ओवर ब्रिज लोगों के लिए अब जी का जंजाल बनता जा रहा है शायद ही ऐसा कोई दिन होगा जब ओवर ब्रिज के पास कोई दुर्घटना नहीं होती होगी इतना ही नहीं दुकानदार एवं हवा हवाई गाड़ी के साथ-साथ आम लोगों के बीच सड़क भी हो जाती है

मसौढ़ी में लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए जिस रेल ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू किया गया था, वही अब उनके लिए परेशानी का सबब बन गया है। करीब 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला तरेगना दक्षिणी गुमटी के पास आरओबी दो साल से अधिक समय बीतने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। हालात ऐसे हैं कि पुल निर्माण के नाम पर सड़कें खुदी पड़ी हैं, जगह-जगह मलबा जमा है और बारिश होने पर कीचड़ एवं जलजमाव लोगों की परेशानी बढ़ा देते है।मसौढ़ी के लोगों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद थी, उसकी अधूरी निर्माण प्रक्रिया ने पूरे इलाके की रफ्तार रोक दी है।

स्कूली बच्चों से लेकर मरीजों और नौकरीपेशा लोगों तक को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर 60 करोड़ रुपये की इस परियोजना को पूरा होने में और कितना समय लगेगा। तरेगना दक्षिणी गुमटी पर बनने वाले इस आरओबी की परियोजना काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसकी कुल लंबाई 522 मीटर है, जबकि इसके साथ 747 मीटर लंबा एप्रोच रोड भी बनाया जाना है। परियोजना की लागत 60 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। इस परियोजना का शिलान्यास 9 दिसंबर 2023 को किया गया था। इसके बाद 18 जनवरी 2024 से निर्माण कार्य शुरू हुआ। इसे एक साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

लेकिन अब तक पुल तैयार नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य की स्थिति देखें तो परियोजना के अलग-अलग हिस्सों में काफी अंतर नजर आता है। रेलवे लाइन के पूर्वी छोर पर आरओबी का मुख्य ढांचा लगभग तैयार हो चुका है, लेकिन एप्रोच रोड का काम अभी अधूरा है। वहीं पश्चिमी हिस्से में पाइलिंग और फाउंडेशन से जुड़े कई काम बाकी हैं। ऐसे में सिर्फ पुल का ढांचा खड़ा कर देने से लोगों को राहत मिलने वाली नहीं है। जब तक दोनों तरफ पहुंच पथ का निर्माण पूरा नहीं होगा, तब तक इस पर वाहनों का परिचालन शुरू करना संभव नहीं होगा। यही वजह है कि स्थानीय लोगों को फिलहाल इस परियोजना के जल्द चालू होने की उम्मीद कम नजर आ रही है।

तरेगना दक्षिणी गुमटी पर रेलवे फाटक बंद होते ही दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ भारी वाहनों की आवाजाही भी जाम को और गंभीर बना देती है। कई बार लोगों को थोड़ी दूरी तय करने में भी काफी समय लग जाता है। इस जाम का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और मरीजों पर पड़ता है। एंबुलेंस तक को रास्ता मिलने में परेशानी होती है। रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों के लिए समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचना बड़ी चुनौती बन गया है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है।

आरओबी निर्माण के कारण आसपास की सड़कों की स्थिति भी खराब हो गई है। निर्माण स्थल के पास जलजमाव और कीचड़ जमा रहने से पैदल चलने वालों को काफी परेशानी होती है। जगह-जगह बिखरे निर्माण सामग्री और मलबे के कारण वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होती है।

इसका असर स्थानीय कारोबार पर भी पड़ रहा है। दुकानदारो का कहना है कि मसौढ़ी के पश्चिमी इलाके के लोगों को शहर पहुंचने के लिए दो से तीन किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। जाम और धूल-गर्द के कारण ग्राहक बाजार आने से बच रहे हैं। इससे दुकानदारों की आमदनी पर भी असर पड़ा है।कई लोगों का कहना है कि आरओबी जल्द पूरा होने के आश्वासन के बीच वे लंबे समय से परेशानियां झेल रहे हैं। निर्माण स्थल पर सड़क और मलबे की समस्या के कारण आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें अब सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि निर्माण कार्य पूरा होने की निश्चित तारीख चाहिए। लोगों के मुताबिक, परियोजना में देरी का खामियाजा आम जनता भुगत रही है, जबकि रोजाना जाम में फंसने और खराब रास्तों से गुजरने की मजबूरी बनी हुई है।

परियोजना में देरी के पीछे रेलवे और निर्माण एजेंसी के बीच समन्वय की कमी, बिजली और पाइपलाइन शिफ्टिंग के साथ कुछ तकनीकी अड़चनें भी जिम्मेदार बताई जा रही हैं।